



# जल संचय जनभागीदारी अभियान के तहत जल संरचनाओं के निर्माण के निर्देश

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 9 मार्च. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने निर्देश दिए हैं कि जल संचय जनभागीदारी अभियान के तहत जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अधिक से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण कराया जाए।**

**शेष बची नलजल योजनाओं को शीघ्र हैंडओवर कराए3**

**नरवाई जलाने की घटना पर अंकुश के लिए जागरूक करें**

सभी विभाग अपने जिला, ब्लॉक, तहसील सहित ग्राम स्तर तक के कार्यालयों में जहां रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण नहीं है, वहां निर्माण सुनिश्चित करें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नल-जल योजनाओं के अंतर्गत हर घर जल सर्टिफाइड और हैंडओवर की कार्यवाही भी शीघ्र पूर्ण करे। सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्र में नरवाई जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। नरवाई जलाने के प्रति जनजागरूकता के साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शासन के निर्देशों के अनुरूप जनगणना के कार्यों को गंभीरता पूर्वक करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।



**विभागवार की विस्तृत समीक्षा :** कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने समयावधि पत्रों की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर संबंधित विभागों को टीएल प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि टीएल प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक लंबित टीएल प्रकरण पर 500 रुपये का अर्थदंड लगाया जाएगा तथा लोक सेवा गारंटी से जुड़े आवेदनों पर नियमानुसार अर्थदंड आरोपित कर राशि रेड क्रॉस मद में जमा कराई जाएगी। उन्होंने जनसुनवाई के लंबित आवेदनों की विभागवार समीक्षा कर निराकृत प्रकरणों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

**सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण के निर्देश :** बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा में सभी विभागों को निर्देशित किया कि अपने अधीनस्थ अमले को फील्ड में भेजकर शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने उद्यानिकी, जल संसाधन विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा राजस्व विभाग को शिकायतों की गहन समीक्षा कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। तहसीलवार समीक्षा के दौरान बैतूल, प्रभात पट्टन, चिचोली और आठनेर के तहसीलदारों को शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।

## सीमांकन, नामांतरण प्रकरणों की समीक्षा

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सीमांकन, नामांतरण और बंटवारा जैसे राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर सभी राजस्व अधिकारियों को इनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने रबी उपार्जन की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि पंजीकृत किसानों का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पशुपालन विभाग अंतर्गत संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के बैंकों को प्रेषित सभी प्रकरणों का वितरण शीघ्र कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना तथा पीएम स्वनिधि योजना के लंबित प्रकरणों को शीघ्र स्वीकृत एवं वितरित कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, उपस्थित थी।

## सिंहस्थ को लेकर आवश्यक मार्गों और पार्किंग स्थलों का चयन करें : कलेक्टर

बैतूल। शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप आगामी सिंहस्थ 2028 में महाराष्ट्र से बैतूल होते हुए उज्जैन जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि विशेष रूप से भोपाल और इंदौर मार्ग से आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मार्गों का चयन, सूची तैयार करने तथा पार्किंग स्थलों के चयन की कार्यवाही आगामी दो दिनों में पूर्ण की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि पार्किंग स्थलों के चयन के दौरान रोशनी, शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। अपने क्षेत्र में धर्मशाला, होटल्स और मैरिज लॉन इत्यादि की भी जानकारी संकलित की जाएं।

## एक नजर में

### भैंसदेही-आठनेर में पूर्व सैनिकों की बैठक कल

**बैतूल।** कैप्टन आईएन सुमीत सिंह से.नि.जिला सैनिक कल्याण अधिकारी 11 मार्च 2026 को भैंसदेही और आठनेर में पूर्व सैनिकों और शहीदों की पत्नियों की समस्याएं सुनेंगे।जानकारी के अनुसार भैंसदेही क्षेत्र के पूर्व सैनिकों की बैठक सुबह 11.30 बजे जनपद पंचायत भैंसदेही के सभाकक्ष में होगी। इसके बाद 12.45 बजे जनपद पंचायत आठनेर के सभाकक्ष में आठनेर क्षेत्र के पूर्व सैनिकों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने संबंधित तहसीलों के सभी भूतपूर्व सैनिकों एवं शहीदों की पत्नियों से निर्धारित समय और स्थान पर पहुंचकर अपनी समस्याओं से अवगत कराने की अपील की है, ताकि उनका निराकरण किया जा सके।

### रामेश्वरम् मदुरै के लिए आज 179 यात्री होंगे रवाना

**बैतूल।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 10 मार्च से 16 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाली रामेश्वरम् मदुरै तीर्थ यात्रा के लिए जिला प्रशासन द्वारा समुचित तैयारियां की गई हैं।इस यात्रा में जिले से चयनित श्रद्धालुओं को मंगलवार को दोपहर 2 बजे रेलवे स्टेशन बैतूल से रवाना किया जाएगा। जिला पंचायत बैतूल से जारी आदेश के अनुसार यात्रा के लिए प्राप्त आवेदनों में से 179 श्रद्धालुओं का चयन किया गया है।श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं।

### शिविर में 531 गर्भवती महिलाओं की जांच

**बैतूल।** गर्भावस्था से संबंधित जटिलताओं का पता लगाने और समय रहते उनका उपचार सुनिश्चित कर सुरक्षित प्रसव करवाने प्रतिमाह 9 एवं 25 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाडे ने बताया कि जिले में 9 मार्च 2026 को आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर में 531 गर्भवती महिलाओं की जांच एवं 254 हाई रिस्क चिन्हित, 68 सोनोग्राफी की गईं।

# 11वें दिन भी जारी रहा कोल खदानों के ठेका मजदूरों का आंदोलन

**पाथाखेड़ा।** वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड डब्ल्यूसीएल के पाथाखेड़ा क्षेत्र स्थित तवा-2 भूमिगत कोयला खदान में ठेका मजदूरों का बकाया वेतन और कथित शोषण के खिलाफ चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन सोमवार को 11वें दिन भी जारी रहा। लगातार प्रदर्शन के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकलने से मजदूरों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आंदोलनकारी मजदूरों का आरोप है कि ठेकेदारों और कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से वर्षों से उनका आर्थिक शोषण किया जा रहा है। मजदूरों का कहना है कि कम पढ़े-लिखे और आर्थिक रूप से कमजोर होने का फायदा उठाकर ठेकेदार लगभग 20 वर्षों से उनका हक मारते आ रहे हैं। सोमवार सुबह आंदोलन स्थल पर उस समय तनाव की स्थिति बन गई जब ठेकेदार जे.के. इंफो के जाहिद खान द्वारा कथित रूप से बाहरी अनस्किल्ड मजदूरों को प्राइवेट बंदूकधारी गार्डों के साथ तवा-2 खदान में काम के लिए भेजा गया। आंदोलनकारी मजदूरों ने इसे आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश बताते हुए कड़ा विरोध किया। तवा-2 खदान के सब एरिया मैनेजर सत्यनारायण ने बताया कि खदान में केवल बीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त मजदूरों को ही काम के लिए भेजा जा सकता है। मजदूरों की आपत्ति के बाद उन्होंने अधिकारियों से चर्चा कर प्राइवेट गार्डों को खदान परिसर से हटाने के निर्देश दिए। घटना की सूचना पर पाथाखेड़ा चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। श्रमिक नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि मजदूरों का शोषण बंद नहीं हुआ और बाहरी मजदूरों की भर्ती पर रोक नहीं लगी तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। मजदूरों ने मंगलवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग करने का निर्णय लिया है।



# 15 मार्च से हेलमेट अनिवार्य, उल्लंघन पर कार्रवाई

**बैतूल।** जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने निर्देश दिए हैं कि 15 मार्च से जिले के सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के लिए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा, जबकि चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाना जरूरी होगा। निर्देशों का पालन नहीं करने पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा जुर्माने सहित आवश्यक चलानी कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित सड़क सुरक्षा संबंधी बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों से हेलमेट के उपयोग के निर्देशों का गंभीरता से पालन कराएं। साथ ही अपने परिजनों और आम नागरिकों को भी हेलमेट पहनने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में कलेक्टर ने मार्गों पर अतिक्रमण हटाने के लिए सभी एसडीएम को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने के लिए पहले से अनाउंसमेंट कराकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए खतरनाक मोड़ों पर आवश्यक सुरक्षा उपाय करने के निर्देश संबंधित सड़क विभाग को दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बडोरा मंडी क्षेत्र में ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए लोक निर्माण विभाग, ट्रैफिक पुलिस, नगरपालिका और राजस्व विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर उचित समाधान करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्रीमती प्रीति पटेल, यातायात प्रभारी गजेन्द्र केन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# देशव्यापी पंजीयन अभियान में बैतूल देश में दूसरे स्थान पर

**बैतूल।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के वे श्रमिक, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये से कम है, उन्हें 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्रतिमाह 3000 रुपये की पेंशन प्रदान की जाती है। योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार और अधिक से अधिक श्रमिकों के पंजीयन के उद्देश्य से देशभर में 15 जनवरी 2026 से 15 मार्च 2026 तक विशेष पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत बैतूल जिले में उत्कृष्ट कार्य करते हुए अब तक कुल 1774 श्रमिकों का पंजीयन किया जा चुका है, जिससे बैतूल जिला उक्त अभियान अवधि में पूरे देश में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि असंगठित क्षेत्र में कार्यरत अधिक से अधिक श्रमिकों का योजना में पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि दुकानों में कार्य करने वाले कर्मचारी, निर्माण स्थल पर कार्यरत श्रमिक, मनरेगा के मजदूर, वाहन चालक सहित अन्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को योजना से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं।

# केशव की जय, माधव की जय, से गूंजा सिनेमा हॉल

**बैतूल।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्षो की यात्रा पर बनी फिल्म शतक का निशुल्क प्रदर्शन नगर के कांतिशिवा छविगृह में जिला भाजपा संगठन ने अपने कार्यकर्ता और पदाधिकारियों के लिए आयोजित किया गया।

फिल्म के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए बताया कि फिल्म का उददेश्य राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुडी गलतफमियों आलोचनाओं और भ्रमो को ऐतिहासिक और तथ्यात्मक रूप से स्पष्ट करना है। फिल्म में संघ के संस्थापक डा.केशव बलिराम हेडगेंवार एवं संघ के पहले सर संचालनक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरूजी) के नेतृत्व में हुए संगठनात्मक विस्तार और विस्तार को उजागर किया गया है। फिल्म के दौरान मार्मिक दृश्यो के समय दर्शको ने केशव की जय जय , माधव की जय जय के साथ साथ वंदे मातरम और भारत माता की जय के गगन चुंबी नारे लगाए। फिल्म के बाद दर्शको ने चर्चा में बताया कि फिल्म के दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कि 100 वर्षो की यात्रा के संघर्षो को जानने का मौका मिला और राष्ट्र के सांस्कृतिक और समतापूर्ण समाज के लिए संघ की जरूरत के साथ साथ ऐसे तथ्य सामने आए है जिन्हे लंबे समय से देशवासियो को इन तथ्यो से वंचित रख भ्रम फैलाया गया था।



# गुरुद्वारा चौक पर मैच का हुआ लाइव प्रसारण, जीत पर झूमे दर्शक

**पाथाखेड़ा। पाथाखेड़ा के प्रेम नगर स्थित गुरुद्वारा चौक पर रविवार शाम को टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले का बड़े उत्साह के साथ लाइव प्रसारण किया गया।**

भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच खेले गए इस रोमांचक मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग और बच्चे एकत्रित हुए। युवाओं की पहल पर प्रोजेक्टर और बड़े स्क्रीन की व्यवस्था कर सामूहिक रूप से मैच दिखाया गया, जिससे क्षेत्र के लोग एक साथ बैठकर इस ऐतिहासिक मुकाबले का आनंद ले सके। आयोजकों ने बताया कि क्रिकेट के प्रति बढ़ते उत्साह को देखते हुए यह आयोजन किया गया, ताकि मोहल्ले के सभी लोग एक साथ मैच देख सकें और खेल का आनंद साझा कर सकें।

जैसे ही भारत ने फाइनल मुकाबला जीता, पूरे चौक पर जश्न का माहौल बन गया। लोगों ने ढोल-नगाड़ों और बैंड की धुन पर जमकर नृत्य किया। युवाओं ने आतिशबाजी कर जीत की खुशी मनाई, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

# युवा संगम के तहत रोजगार मेला कल

**बैतूल।** मध्य प्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले का आयोजन 11 मार्च को प्रातः 11 से 4 बजे तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सदर बैतूल में किया जाएगा। प्राचार्य ने बताया कि रोजगार मेले में 12 कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में टाटा मोटर्स पुणे में ट्रेनी, ऑपरेटर के 100 पदों, आईफोन बेंगलुरु में ट्रेनी, ऑपरेटर के 100 पदों तथा एमआरएफ अहमदाबाद में ट्रेनी, ऑपरेटर के 100 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, स्नातक होना अनिवार्य है। वोल्वो आयशर भोपाल में अप्रेंटिस के 50 पदों, श्री गुरु साहेब मोटर्स बैतूल में टेक्नीशियन, इलेक्ट्रीशियन, हेल्पर के 10 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई होना अनिवार्य है। लिनमार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड देवास में अप्रेंटिस के 20 पदों के लिए योग्यता डिप्लोमा मैकेनिकल, बीई, बीटेक मैकेनिकल तथा श्री गुरु साहेब मोटर्स में टेक्नीशियन, इलेक्ट्रीशियन, हेल्पर के 10 पदों के लिए योग्यता 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा होना आवश्यक है। इसी प्रकार कृषि धान बायो केयर प्राइवेट लिमिटेड इंदौर में सेल्स एग्जीक्यूटिव, फील्ड ऑफिसर के 50 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक, शक्ति मोटर्स मुलतापी प्राइवेट लिमिटेड मुलताई में सेल्स एग्जीक्यूटिव, सेल्स मैनेजर, मैकेनिक के 25 पदों के लिए योग्यता 8वीं से स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा तथा रिया सर्विसेज प्राइवेट लिमि. पीथमपुर में मशीन ऑपरेटर ट्रेनिंग के 50 पदों के लिए योग्यता 10वीं 12वीं आईटीआई होना आवश्यक है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं में दिखा उत्साह

**बैतूल।** मेरा युवा भारत बैतूल द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अस्मिता लीग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी की छायाप्रति के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, म्यूजिकल चेयर सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें बड़ी संख्या में महिला प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में 13 वर्ष, 18 वर्ष तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की बालिकाओं और महिलाओं ने हिस्सा लिया। विजेता प्रतिभागियों को मेडल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सामाजिक सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सुषमा गवली ने की। इस अवसर पर श्रीमती करुणा देशमुख, श्रीमती गौरी बालापुरे, श्रीमती पूजा कुरील और ललिता राक्से विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती सुषमा गवली ने कहा कि भारत सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर अभियान चला रही है। जिला खेल अधिकारी श्रीमती पूजा कुरील ने कहा कि सरकार प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए अनेक पहल कर रही है। श्रीमती करुणा देशमुख ने कहा कि बैतूल जिला अनेक प्रतिभाओं का धनी है और यहां प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। वहीं श्रीमती गौरी बालापुरे ने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न गतिविधियों और आयोजनों से महिलाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है।



**कार्यक्रम** | पोस्टर प्रतियोगिता में वैष्णवी जैन ने प्रथम, शिल्पा बोस ने द्वितीय और अलका काजले ने तृतीय स्थान किया प्राप्त

# साइबर सुरक्षा जागरुकता विषय पर जेएच कॉलेज में व्याख्यान आयोजित

**बैतूल। महाविद्यालय में स्थापित भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर साइबर सुरक्षा जागरूकता विषय पर व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय की की प्राचार्य डॉ मीनाक्षी चौबे के मार्गदर्शन में किया गया।**

**साइबर सुरक्षा जागरूकता विषय पर व्याख्यान**

**प्रतिभागियों का किया सम्मान**

प्रकोष्ठ के संयोजक प्रो राकेश कुमार पवार ने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराधों के प्रति सावधान व सचेत रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि साइबर अपराधों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर वैधानिक विकल्पों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में सजग बनाना ही आयोजन का प्रमुख उद्देश्य है। शासकीय विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हर्षवर्धन यादव ने कहा कि साइबर की दुनिया में समय और स्थान की सीमा समाप्त हो गई है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त और सही जानकारी के अभाव में बुद्धिजीवी वर्ग भी साइबर अपराधों का शिकार हो रहे है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे आगे आकर साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता फैलाने में अपनी भूमिका निभाएं। मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित साइबर ब्रांच बैतूल के उपनिरीक्षक श्री नवीन सोनकर ने विभिन्न प्रकार से किए जा रहे साइबर अपराधों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया।




**पोस्टर प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का किया सम्मान :** राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर साइबर सुरक्षा जागरूकता थीम पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे लगभग 32 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीबीए द्वितीय वर्ष की छात्रा वैष्णवी जैन ने प्रथम स्थान, एमएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा शिल्पा बोस ने द्वितीय तथा बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा अलका काजले ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बी.डी. नागले ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम का संचालन प्रो. संतोष पवार तथा आभार प्रो योगेश्वरी पवार ने व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. लोकेश नरवरे डॉ राहुल सिंह ठाकुर, प्रो हितेश जैन, सचिन यादव का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में लगभग 150 विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दर्ज की।

# सामुदायिक स्थलों पर संगोष्ठी का आयोजन

**बैतूल। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर सशक्त नारी, सशक्त समाज की थीम को सार्थक बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग बैतूल द्वारा विभिन्न जागरूकता और सशक्तिकरण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में प्रदीपन संस्था की भी सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर जिले के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों और सामुदायिक स्थलों पर संगोष्ठी और महिला सम्मान समारोह आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में महिलाओं को शासन की विभागीय योजनाओं, पोषण, बालिका शिक्षा और स्वावलंबन से जुड़ी जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने कहा कि जब महिलाएं शिक्षित और आत्मनिर्भर बनती हैं, तब परिवार, समाज और देश की प्रगति सुनिश्चित होती है। इसी उद्देश्य से विभाग द्वारा लगातार महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सरकारी योजनाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों से उन्हें आत्मविश्वास और रोजगार के अवसर मिले हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कई प्रेरणादायक महिलाओं को सम्मानित भी किया गया, जिन्होंने शिक्षा, समाज सेवा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। कार्यक्रम के माध्यम से एमपी पीएससी परीक्षा में चयनित कुमारी दिशा उबनारे,असम राइफल्स में चयनित कुमारी प्रेरणा साहू, बाल विवाह रोकथाम में प्रमुख भूमिका के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सुनिता बघेल एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती बबीता राठौर, पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय गौरी बालापुरे, विभागीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए पर्यवेक्षक श्रीमती भुवनेश्वरी मालवीय एवं श्रीमती अर्चना तिवारी एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए श्रीमती यास्मीन बानो को सम्मानित किया गया।